दैनिक भास्कर
किशनगंज भास्कर 06-07-2023

# बेसरवाटी उच्च माध्यमिक विद्यालय के छोटे बच्चों में स्किल डेवलपमेंट के तहत कार्यक्रम आयोजित



ठाकुरगंज | बुधवार को स्कूली बच्चों में स्किल डेवलपमेंट व उनके दिलों में खुशिया लाने के उद्देश्य से बेसरवाटी उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम इंडोफिल व पेंटिशियल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ।जिसमें प्रखंड प्रोजेक्ट हेड अमोद कुमार मौजूद थे। उन्होंने कहा कि इंडोफिल इंडस्ट्रीज लिमिटेड, एक कृषि विशेषता और अभिनव समाधान व्यवसाय जो लगभग छह दशकों से काम कर रहा है, सामाजिक उत्तरदायित्व में संकल्पित है।संस्था ने प्रोजेक्ट पोटेंशियल के संयुक्त तत्वावधान में कौशल विकास पहलों का समर्थन हेतू स्कूली बच्चों संग कार्यक्रम आयोजित किया। इंडोफिल ने प्रोजेक्ट पोटेंशियल के माध्यम से विद्यालय का दौरा किया। स्कूली बच्चों के बीच शिक्षा से संबंधित गतिविधिया कराई गई। ताकि बच्चों का स्किल डेवलपमेंट किया जा सके। साथ ही बच्चों को बताया गया कि कैसे आप अपने शिक्षा के शुरूआती क्षण में अपना लक्ष्य निर्धारित करके सफलता प्राप्त कर सकते हैं। क्योंकि शिक्षा के साथ बच्चों व युवाओं का स्किल डेवलपमेंट होना आज के दौर में आवश्यक है।

# रोजगार उन्मुखीकरण का दिया प्रशिक्षण



रोजगार उन्मुखीकरण प्रशिक्षण प्राप्त किए युवा • जागरण

संसू, ठकुरगंज (किशनगंज) : ठाकुरगंज प्रखंड के बुटीझाड़ी गांव में बुधवार को चयनित 20 युवाओं के बीच रोजगार उन्मुखीकरण को लेकर प्रोजेक्ट पोटेंशियल के बैनर तले कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई। उक्त दो वर्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम इंडोफिल इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा कारपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) पहल के तहत प्रोजेक्ट पोटेंशियल के माध्यम से कराए जा रहे हैं। इस संबंध में प्रोजेक्ट पोटेंशियल के को फाउंडर व ट्रस्टी अबोध कुमार ने बताया कि इंडोफिल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के योगदान का उद्देश्य स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना और प्रगतिशील विकास को संवारना है, जिसे ई कार्यशाला कार्यक्रम के माध्यम से प्राप्त करने की सुविधा प्रदान की जाती है।

उन्होंने बताया कि प्रभावी सीएसआर (कारपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) कार्यक्रम उद्योग विशिष्ट कौशल प्रशिक्षण प्रदान करके रोजगार क्षमता में सुधार कर सकते हैं जो युवाओं को कार्यबल में भाग लेने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करेगा। उद्योगों में उच्च गुणवत्ता वाले कौशल कार्यक्रमों के कार्यान्वयन से उन कई दैनिक ग्रामीणों की दुर्दशा को सुधारने में मदद मिल सकती है, जिन्हें ठेकेदारों के हाथों बड़े पैमाने पर शोषण का जीवन जीना पड़ता है। उनकी सीएसआर पहल के हिस्से के रूप में एक अच्छी तरह से डिज़ाइन किया गया कौशल विकास कार्यक्रम संगठनों को सही उम्मीदवारों को खोजने और प्रशिक्षित करने, रोजगार क्षमता बढ़ाने और कार्यबल की औपचारिकता बढ़ाने में मदद कर सकता है। उन्होंने बताया कि इंडोफिल इंडस्ट्रीज लिमिटेड समाज के पूरे क्षेत्र के लिए एक मानवीय परिवर्तन करने और एक उज्ज्वल भविष्य सृजन करने का प्रयास कर रही है। वइस मौके पर इंडोफिल इंडस्ट्रीज लिमिटेड की ओर से कारपोरेट कम्युनिकेशन नम्रता वर्तक व कंपनी सेक्रेटरी जैनी गाड़ा, प्रोजेक्ट पोटेंशियल के यूथ कोर्डिनेटर मधु सोम, भारती ठाकुर, सबिता राज, रोहित गणेश, आकृति मौजूद थथे।